मुंबई पहुंचा अंडरग्राउंड मेट्रो का कोच

जल्द शुरू होगा ट्रायल

सामना संवाददाता / मुंबई

कुलाबा-बांद्रा-सीप्ज के बीच मुंबई की पहली अंडरग्राउंड मेट्रो का निर्माण कार्य तेजी से शुरू है। मेट्रो की टनलिंग पूरी होने के बाद कई सिविल वर्क और स्टेशन तेजी से आकार ले रहे हैं। इसी बीच दूसरी मेट्रो के कोच भी मुंबई पहुंच चुके हैं, जिन्हें जोड़कर जल्द ही ट्रायल रन शुरू किया जाएगा। मेट्रो-३ के भूमिगत स्टेशनों का निर्माण कट एंड कवर पद्धति से किया जा रहा है। एमएमआरसीएल की योजना २०२३ में मुंबईकरों के लिए कुलाबा-बांद्रा-सीप्ज मेट्रो-३ का पहला चरण आरे से बीकेसी के बीच शुरू करने की है। उल्लेखनीय है कि पहली ट्रेन १,५०० किमी से अधिक का ट्रायल रन पूरा कर चुकी है। आंध्र प्रदेश के श्री सिटी के एल्सटॉम प्लांट में मेट्रो ३ के कोच तैयार हो रहे हैं। इस ट्रेन का आवश्यक परीक्षण ५ किमी में सारिपुट नगर और सहार में रैंप के बीच किया जाएगा। प्रोजेक्ट डायरेक्टर एस. के. गुप्ता के अनुसार ५४.५ किमी अप और डाउन लाइन की पूरी टनलिंग हो चुकी है। १७ टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) और १,७०० श्रमिकों की मदद से ३३.५ किमी लंबी सुरंग का निर्माण १०० प्रतिशत पूरा हो चुका है। इस कार्य में कुल २,८६,००० क्यूबिक मीटर कंक्रीट और २९,५०० मीट्रिक टन स्टील का उपयोग किया गया है। इसके अलावा ट्रैक बिछाने का कार्य भी ५० प्रतिशत तक पूरा हो चुका है।

प्रोजेक्ट का ८० प्रतिशत काम पूरा

एमएमआरसीएल के अनुसार मेट्रो-३ प्रोजेक्ट का लगभग ८० प्रतिशत काम हो गया है। मेट्रो-३ के अंडरग्राउंड स्टेशनों पर ट्रैक बिछाने के लिए लो वाइब्रेंट टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जा रहा है, ताकि मेट्रो चलते समय भूमिगत स्टेशनों और ऊपर रोड पर कंपन न हो।